# कार्यालयः निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–माध्य/ गुण. तथा प्रशि. अनु./गुण0प्र0/RKSMBK/ 61186/ 2023–24 दिनांकः

**समस्त सम्भागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।**
**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।**
**समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।**

**विषयः–** **'राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम'** आकलन–2 के परिणामों के पश्चात् होने वाली शिक्षक–अभिभावक बैठक (पीटीएम) के आयोजन एवं आरकेएसएमबीके आकलन–3 की तैयारी के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत दिनांक 6–7 फरवरी को आरकेएसएमबीके आकलन–2 का आयोजन किया जाकर दिनांक 27 फरवरी को इसके परिणाम की घोषणा की जा चुकी है। आरकेएसएमबीके आकलन–2 के परिणामों से अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को अवगत करवाने के लिए दिनांक 22.03.2024 को शिक्षक अभिभावक बैठक (मेगा पीटीएम) का आयोजन किया जाना है। जिसमें अभिभावकों को उनके बालक/बालिका की प्रगति संज्ञान दिये जाने के साथ–साथ उन्हें उनके बालक/बालिका की प्रगति में सुधार किस प्रकार किया जाना है के संबंध में भी अवगति प्रदान की जानी है ताकि आगामी आरकेएसएमबीके आकलन–3 में विद्यार्थियों की दक्षताओं में वांछित सुधार करवाया जा सके। इस हेतु पीटीएम आयोजन के संबंध में निम्नांकित निर्देश प्रदान किये जाते है–

1. बालक/बालिका के दक्षता सुधार के लिए संचालित आरकेएसएमबीके कार्यक्रम में अभिभावकों की भी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की जाने वाली शिक्षक अभिभावक बैठक (मेगा पीटीएम) निम्नानुसार आयोजित करवायी जानी है :–
   - दिनांकः– 22 मार्च, 2024
   - समयः– मध्यान्ह 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक
   - स्थानः– स्वयं के विद्यालय में

   इस पीटीएम का मुख्य उद्देश्य यह रहे कि इस बैठक में अभिभावक यह समझ पाये कि उनके बालक/बालिका के लिए किसी भी विषयक को रटने की बजाय उसे समझना क्यों जरूरी है ? साथ ही यह भी समझ पाये कि अभिभावकों की उनके बच्चों की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका है।
2. इस मेगा पीटीएम में आपके क्षेत्राधीन विद्यालयों में किसी लोकल इन्फ्लुएन्सर को इस मेगा पीटीएम का हिस्सा बनाये। ये लोकल इन्फ्लुएन्सर उस गांव अथवा शहर के प्रभावशाली व्यक्तित्व हो सकते है जिन्हें उस गांव अथवा शहर के अधिकतर लोग पहचानते हो। ये इन्फ्लुएन्सर उस विद्यालय के एल्यूमिनी (पूर्व विद्यार्थी) जो वर्तमान में किसी उच्च पद पर कार्यरत् हो, अथवा कोई उच्च अधिकारी हो सकते है जिनका किसी राजनैतिक दल विशेष से कोई संबंध नहीं हो।
3. ऐसे लोकल इन्फ्लुएन्सर विद्यालय में पीटीएम अवधि में उपस्थित रहे तथा वे प्रभावशाली ढंग से अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के विषय में बताएं तथा अभिभावकों से उनके बालक/बालिका की पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए उन्हें समझाये। संस्था प्रधान का यह दायित्व होगा कि वे इन्फ्लुएन्सर द्वारा कहीं गई बातों का 1–2 मिनट का शॉर्ट वीडियो बनवाएं तथा सोशल मीडिया एवं विभागीय वाट्सअप ग्रुप्स में शेयर करवाये।

Signature valid

RajKaj Ref 6205987

Digitally signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date: 2024.03.18 18:05:48 IST
Reason: Approved

4. उक्त शिक्षक अभिभावक बैठक में कक्षा 3–8 के समस्त विद्यार्थियों को आरकेएसएमबीके आकलन–2 के प्रिंटेड रिपोर्ट कार्ड विद्यालय द्वारा अभिभावकों को उपलब्ध करवाये जाने हैं। कक्षाध्यापक द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी के अभिभावक को रिपोर्ट कार्ड में लिखी दक्षताओं के सामने अंकित सितारों का विद्यार्थी प्रगति के साथ संबंध को समझाया जाना है तथा दक्षता सुधार में अभिभावकों से अपेक्षित सहयोग के विषय में विमर्श किया जाना है।
5. आरकेएसएमबीके आकलन–2 के परिणाम कक्षा 3–8 को हिन्दी, अंग्रेजी तथा गणित पढ़ाने वाले प्रत्येक शिक्षक के आरकेएसएमबीके शिक्षक ऐप पर उपलब्ध है। अतः इस संबंध में प्रत्येक विषयाध्यापक का भी यह दायित्व होगा कि जो विद्यार्थी उनके विषय में किसी दक्षता विशेष में संघर्ष कर रहे हैं तो उनके लिए अतिरिक्त प्रयासों की योजना के संबंध में अभिभावकों से विमर्श करें।
6. प्रत्येक विषयाध्यापक आरकेएसएमबीके ऐप पर विद्यार्थीवार दक्षता प्रदर्शन की सूची डाउनलोड करेंगें तथा जिन दक्षताओं में कक्षा के अधिकांश विद्यार्थियों के एक स्टार है अर्थात् जिन दक्षताओं में उनकी कक्षा के अधिकांश विद्यार्थी संघर्ष कर रहे हैं, उन दक्षताओं को चिन्हित करेंगें तथा इसके पश्चात् विषयाध्यापक पूर्व में करवायी गई गतिविधियों में सुधार करेंगें। जिसके लिए विषयाध्यापक विद्यार्थी समूह निर्माण तथा स्वयं के स्तर पर कुछ गतिविधियां निर्मित कर सकते हैं।
7. पूर्व में करवाये गये गतिविधि आधारित शिक्षण में सुधार हेतु आरकेएसएमबीके शिक्षक ऐप, पिटारा तथा वर्कबुक में कुछ सुझावात्मक गतिविधियों के वीडियो उपलब्ध करवाये गये हैं। इनके उपयोग से विद्यार्थियों में दक्षता सुधार किया जा सकता है। अर्थात् जिन विद्यार्थियों को किसी दक्षता विशेष को समझने में कठिनाई है उन्हें वह दक्षता दोबारा नये तरीके से पढ़ाकर कक्षा के अन्य विद्यार्थियों के समकक्ष लाया जा सकता है।
8. आरकेएसएमबीके आकलन–3 में पूछी जाने वाली दक्षताओं में नवीन दक्षताओं के साथ–साथ वे दक्षताऐं भी सम्मिलित होंगी जिनमें आरकेएसएमबीके आकलन–1 तथा आकलन–2 में राज्य के अधिकांश विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये। आरकेएसएमबीके आकलन–3 में पूछी जाने वाली दक्षताओं की सूची अग्रांकित लिंक https://bit.ly/3TkgUtV द्वारा डाउनलोड की जा सकती है। शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस दक्षता सूची में निर्धारित दक्षताओं की विद्यार्थियों को तैयारी करवायी जाये ताकि विद्यार्थी प्रदर्शन में सुधारात्मक परिवर्तन प्रदर्शित हो।

उक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना कराते हुए इस शिक्षक अभिभावक बैठक (मेगा पीटीएम) का सफल आयोजन करवाये।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।**

(आशीष मोदी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–
1. निजी सचिव, शासन सचिव, विद्यालयी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4. निजी सचिव, निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर ।
5. पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर।
6. डाइट प्राचार्य, समस्त जिले।
7. समस्त संस्थाप्रधान।
8. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref
6205987

Signature valid
Digitally signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date: 2024.03.18 18:05:48 IST
Reason: Approved

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर